सम्मान | उत्कृष्ट कार्य करने के लिए मिला सम्मान

# रेल सप्ताह समारोह में मंडल के 58 कर्मचारी पुरस्कृत



**जबलपुर,नवभारत।** जबलपुर रेल मंडल में कार्यरत लगभग 19 हजार कर्मचारियों में से चयनित रत्न रूपी 58 रेलवे कर्मचारियों को उनकी अति-उल्लेखनीय एवं सराहनीय सेवाओं के लिए गुरुवार को आयोजित 70वें रेल सप्ताह समारोह 2025 के अवसर पर रेल सेवा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा ने भव्य समारोह में पुरस्कार प्रदान करते हुए कर्मचारियों के समर्पण, निष्ठा एवं उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की।समारोह को संबोधित करते हुए श्री तलरेजा ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान जबलपुर मंडल ने सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। कर्मचारियों के अथक प्रयासों से रेलवे बोर्ड एवं मुख्यालय द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति में मंडल सफल रहा है। उन्होंने बताया कि मंडल को माल लदान के क्षेत्र में 44.00 मिलियन टन का अब तक का सर्वोच्च लक्ष्य प्राप्त हुआ है।जिसमें दिसम्बर 2025 तक मंडल द्वारा 31.16 मिलियन टन माल लदान कर 3013.80 करोड़ का राजस्व अर्जित किया गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में लोडिंग में 9.84 तथा माल भाड़ा आय में 14.78 की वृद्धि दर्शाता है।

### यात्रियों की सुविधा सर्वप्रथम

यात्री सुविधाओं के विस्तार के तहत 20152 रीवा-पुणे साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस एवं 11702 जबलपुर-रायपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का संचालन प्रारंभ किया गया तथा अनेक ट्रेनों के फेरों में वृद्धि की गई। आगे बताया कि मंडल की कुल आय भी बढ़कर 3881.65 करोड़ रही, जो पिछले वर्ष की तुलना में 13.12 अधिक है। इस दौरान पश्चिम मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, जबलपुर मंडल की उपाध्यक्ष आभारानी आनंद एवं डॉ. सुनीता टेलर, सचिव नीकिता सिन्हा, कोषाध्यक्ष चन्द्रिका गुप्ता, स्कूल इंचार्ज मरियम खान, अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार, सुनील टेलर, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शशांक गुप्ता, वरिष्ठ मंडल अभियंता (सम.) राहुल जयपुरियार आदि मौजूद रहे।

### इनका कहना है



मंडल प्रबंधक से पुरस्कार पाकर बहुत ही अच्छा लग रहा है। इसी तरह आगे भी अच्छा कार्य कर पमरे को नई उचाई पर पहुंचाना है।

**शिव प्रसाद पाटिल**
**प्रचार निरीक्षक, जबलपुर**



कार्यकम बहुत अच्छे से संपन्न हुआ। हम सब हमेशा मिलजुल कर कार्य करते रहेंगे। सम्मान पाकर अच्छा लगा।

**निशित खुराना**
**वरिष्ठ वाणिज्य निरीक्षक, विधि अनुभाग**



सम्मान पाकर अपने आप को धन्य महसूस कर रहा हूँ। सभी का हृदय से आभार प्रकट करता हूँ।

**अरित्र पात्रा**
**वरिष्ठ वाणिज्य, सह टिकट लिपिक**



## कर्मबोध से कर्मक्षय की ओर बढ़ो तभी जीवन का उत्कर्ष : प्रमाण सागर

**नवभारत,जबलपुर।** 'मनुष्य' के जीवन की सबसे बड़ी विचित्रता यही है कि वह कर्म के फल से तो बचना चाहता है,पर कर्म से बचने की कोशिश नहीं करता ।उपरोक्त उदगार मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज ने श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के छंटवे दिवस प्रात:कालीन धर्मसभा में व्यक्त किये ।मुनि श्री ने चार बातें कर्म का बोध,कर्म का बंध,कर्म का भोग,और कर्म का क्षय की बात करते हुये कहा कि सभी को इस बात का बोध हो जाये कि मेरी आत्मा में 'कर्म' एक ऐसा तत्व है जो मेरी चेतना को परतंत्र बना रहा है। तो उसका जीवन परिवर्तित हो जाये ?जब हम गहराई से अनुभव करते है,तो हमें 'कर्म' का आभास होता है,हमारे जीवन में जो भी विषमता हैं उसके मूल में कर्म ही छिपा होता है, मुनि श्री ने कहा कि कर्म का बोध मात्र शास्त्रों के पढ़ने से ही नहीं आताऔरों को देखकर सड़क चलते भी हम 'कर्म 'का बोध कर सकते हैं।

इस अवसर पर मुनि श्री संधान सागर महाराज सहित समस्त क्षुल्लक महाराज मंचासीन थे। प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी और सुवोध कामरेड ने बताया सुबह 6;30 बजे से सभी मांगलिक क्रियाऐं संपन्न हुईं। मुनि श्री के मुखारविंद से शांति मंत्रों के साथ शांतिधारा संपन्न हुई। विधानाचार्य बाल ब्र. अशोक भैया, बा. ब्र.अभय भैया के निर्देशन मेंअमित बास्तु,पंडित सुदर्शन शास्त्री, सोनल शास्त्री ने संपन्न कराया संचालन अमित पड़रिया ने किया। इस अवसर पर पूरा पांडाल पूजा करने बालों से खचाखच भरा हुआ था ।दर्शनार्थियों के लिये भारी रैंप से आने जाने की व्यवस्था थी जिससे सभी दर्शनार्थियों को गुरुदेव के दर्शन हो रहे थे। लगभग 20 हजार से ऊपर श्रद्धालुओं ने दर्शन कर लाभ उठाया।

### एक नजर में



## मृतक आश्रित परिवारों को शीघ्र मिलेगी अनुकंपा नियुक्ति

**नवभारत,जबलपुर।** नगर निगम जबलपुर के मृतक कर्मचारियों के आश्रित परिवारों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान किए जाने के संबंध में अजाक्स संघ नगर निगम जबलपुर के अध्यक्ष अमित मेहरा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, निगम अध्यक्ष रिंकू विज एवं निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार से सौजन्य मुलाकात कर लंबे समय से लंबित प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल द्वारा बताया गया नगर निगम में सेवा के दौरान निधन हुए कर्मचारियों के आश्रित परिवार गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। अनुकंपा नियुक्ति शासन की एक महत्वपूर्ण कल्याणकारी व्यवस्था है, किंतु कई पात्र प्रकरण वर्षों से लंबित होने के कारण परिवारों के सामने जीवन-यापन की कठिन स्थिति उत्पन्न हो गई है।इस विषय को महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने अत्यंत संवेदनशीलता, गंभीरता एवं मानवीय दृष्टिकोण से सुना और आश्वस्त किया कि पात्र मृतक आश्रित परिवारों को शीघ्र अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने के लिए आवश्यक प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ की जाएगी, ताकि किसी भी परिवार को अनावश्यक भटकना न पड़े। इस मौके पर संघ अध्यक्ष अमित मेहरा, अक्षय करी, गुलशन जबलपुरी, राजेंद्र पटेल, मन्जू पटेल एडवोकेट, दीपक नरसम्मालु, रामू मैया, कोयरी नायडू, श्रीनिवास्लु रामाराव, अशोक वर्मा मागरदे, महेंद्र मलिक, राहुल आदित्य, सत्यम सैमुअल, पहलाद बर्मन, विजय सेन सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।



## स्वयं का उद्यम स्थापित करने दिया गया प्रशिक्षण

**नवभारत,जबलपुर।** शासकीय संभागीय आईटीआई जबलपुर में कलेक्टर जिला जबलपुर के निर्देश पर गुरूवार को उद्यमिता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जिला अंत्याव्सायी सहकारी विकास समिति मर्यादित जबलपुर अमूल्य नोनवार लेखापाल द्वारा संस्था के प्रशिक्षणार्थी एवं विशेष तौर पर एससी/एसटी के प्रशिक्षणार्थियों को स्वयं का उद्यम स्थापित करने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। इस मौके पर जनजातीय कार्य विभाग जबलपुर से आर.के. मंण्डावी द्वारा संत रविदास स्वरोजगार योजना, डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना, टांट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना की जानकारी प्रशिक्षणार्थियों को दी गई । इस शिविर में लगभग 350 प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति रही। उद्यमिता शिविर में संस्था के प्राचार्य डॉ. अर्पित शुक्ला ने प्रशिक्षणार्थियों का मार्गदर्शन किया व उद्यमिता अधिकारी योगेश ठाकरे द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को स्वयं का उद्यम स्थापित करने की प्रेरणा दी गई ।कार्यक्रम में संस्था के प्लेसमेंट अधिकारी ललित कुमार डेहरिया उपस्थित रहे।



## प्राध्यापकों की विभिन्न समस्याओं पर किया गया विचार विमर्श

**नवभारत,जबलपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय महाकोशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय, जबलपुर में प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय अध्यक्ष, जबलपुर संभाग के नेतृत्व में जबलपुर संभाग में प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ सदस्यता अभियान शुरू किया गया। जिसमें तय किया गया कि जबलपुर संभाग के सभी जिलों के अध्यक्ष इस अभियान को माह फरवरी 2026 तक शत/प्रतिशत सदस्यता अभियान पूर्ण करायेगें। इस मौके पर प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ, जबलपुर संभाग की बैठक भी आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ के महामंत्री डॉ. पवन पंडित ने की। बैठक में प्राध्यापकों की विभिन्न समस्याओं पर विचार विमर्श हुआ। इस अवसर पर डॉ. राजीव मिश्रा, डॉ. राजेश शामकुंवर, डॉ. शैलप्रभा कोष्टा, डॉ. मलय वर्मा, डॉ. शुभांगी धगट, डॉ. विभा निगम, डॉ. प्रतिभा कुमार, डॉ. मीना केलर, डॉ. समता नायडू, सहित 40 प्राध्यापक/सहा.प्राध्यापक उपस्थित रहे।



## वरिष्ठ नागरिक समाज की जड़ हैं : ब्रह्माकुमारी वी के गीता

**नवभारत,जबलपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के समाज सेवा प्रभाग द्वारा देशव्यापी 'संगम अभियान' के अंतर्गत रांझी क्षेत्र स्थित केंद्र पर 'गौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन' विषय पर विशेष संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, विक्टोरिया अस्पताल के सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. आर. एस. ठाकुर ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि बढ़ती उम्र में शारीरिक सक्रियता और सही आहार अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जोड़ों के दर्द और हड्डियों की कमजोरी से बचने के उपाय बताते हुए कहा कि मानसिक दृढ़ता से बड़ी से बड़ी शारीरिक व्याधि को जीता जा सकता है। इस दौरान केंद्र की मुख्य प्रभारी ब्रह्माकुमारी वर्षा दीदी ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि 'वरिष्ठ नागरिक समाज की जड़ें हैं। यदि जड़ें मजबूत और सिंचित रहेंगी, तभी समाज रूपी वृक्ष फलेगा-फूलेगा।'

## इल्म से जीवन रोशन करो, लिबास बनाओ : सैय्यद हसन असकरी

▸ दारुल उलूम अहले सुन्नत का 53वां दीक्षांत समारोह



**नवभारत,जबलपुर।** मंडी मदार टेकरी स्थित इस्लामी शिक्षा केंद्र दारुल उलूम अहले सुन्नत में मंगलवार रात 53वां वार्षिक दीक्षांत समारोह (जश्ने दस्तारबंदी) संपन्न हुआ। शबे-बारात के मौके पर 28 छात्रों को आलिम, हाफिज़ और क़ारी की सनद और दस्तार पहनाकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की सरपरस्ती फ़ाज़िले बग़दाद व जानशीन मोहद्दिस-ए-आज़म अमीरे मिल्लत व सूफ़ीये हिन्द हज़रत अल्लामा सैय्यद हसन असकरी मियां ने की। मुंबई से जानशींने बाबा-ए-मिल्लत हज़रत सूफी फ़ारुख़ लकड़वाला और हज़रत सैय्यद मुहियुद्दीन अशरफ की इनायत से निज़ामत की जिम्मेदारी हज़रत अल्लामा सैय्यद अबरार अशरफी आनन्द (गुजरात) ने संभाली। हुजूर बाबा ऐ मिल्लत र.अ.गुल बाबा हुजूर की रूहानी से लबरेज जलसे में

सैय्यद हसन असकरी मियां ने अपनी तक़रीर में मुख्य रूप से कहा कि इल्म से अपना जीवन रोशन करो।इल्म को अपना लिबास बना लो। दुनिया और आखि़रत में कामयाबी सिर्फ़ इल्म और उस पर अमल करने से मिलेगी। मुसलमानों के लिए दीनी तालीम के साथ-साथ दुनिया तालीम हासिल करना बेहद जरूरी है। कार्यक्रम में रहबरे शरीयत हाफिज़ पीर नवाज़ पूना, हज़रत अल्लामा अली हसन चित्रकूट, और ख़तीब-ए-महाराष्ट्र हाफिज़ पीर नवाज़ साहब नूरानी ने भी नूरानी तक़रीरें पेश कीं। सैय्यद नौशाद अशरफ, शाहिर अशरफी लहसुई और मो. सिराज अशरफी किछौछवी ने नात-ए-पाक पढ़ा।समारोह के अंत में मुल्क की तरक्की और खुशहाली के लिए दुआ की गई ।

## मेक्सिलोफेशियल सर्जरी की राष्ट्रीय कार्यशाला शुरू



▸ 50 प्रतिभागियों ने लिया प्रशिक्षण

**नवभारत,जबलपुर।** गुरूवार को हितकारिणी डेंटल कॉलेज के सभागार में मेक्सिलोफेशियल सर्जरी की 28वीं राष्ट्रीय कार्यशाला के हेन्ड्स ऑन कोर्स का शुभारंभ दिल्ली से पधारे मेजर जनरल डॉ. पी. एन. अवस्थी के द्वारा सम्पन्न हुआ। इस कार्यशाला के प्रथम दिन वर्धा नागपुर से पधारे डॉ. राजीव बोरले एवं उनकी टीम ने एडवांस मेक्सिलोफेशियल ट्रॉमा मैनेजमेंट एवं लाईफ सेविंग विधियों के माध्यम से जानकारी दी एवं प्रैक्टीकल कराया। इस वर्कशॉप में सारे देश से एवं मध्य-प्रदेश से पधारे लगभग 50 प्रतिभागियों ने हैन्ड्स ऑन ट्रेनिंग ली। दूसरी वर्कशॉप में नई दिल्ली के प्रसिद्ध मेक्सिलोफेशियल सर्जन ने जाइगोमा इम्प्लांट के बारे में लगभग 25 प्रतिभागियों को ट्रेनिंग दी। जाइगोमा इम्प्लांट एवं टेरीगॉयड इम्प्लांट के द्वारा जिन व्यक्तियों के जबड़े एक्सीडेंट की वजह से या ट्यूमर कैंसर इत्यादि की वजह से जबड़े काटने के बाद उसका रिकन्सट्रक्शन करके पूरी फिक्स बत्तीसी लगाने की विधा के बारे में जानकारी दी गई एवं उसके मॉडलों के माध्यम से हैन्ड्स ऑन ट्रेनिंग दी।

### आने वाले 3 दिनों में 20 मरीजों का होगा ऑपरेशन

इस कार्यशाला के संयोजक डॉ. राजेश धीरावाणी डायरेक्टर हितकारिणी डेंटल कॉलेज, डीन डॉ रोहित मिश्रा, आयोजन अध्यक्ष डॉ. गुंजन दुबे, आयोजन सचिव डॉ. संयोग पाठक ने बाहर से पधारे समस्त वरिष्ठ चिकित्सकों एवं प्रतिभागियों का हृदय से धन्यवाद किया। आगामी तीन दिनों में मुख कैंसर, फेशियल ट्रॉमा डिफॉरमिटी, कटे हुये जबड़ों की माइको वेस्कुलर सर्जरी जबलपुर हॉस्पिटल में की जायेगी। आज भी जबलपुर हॉस्पिटल में चेहरे की बेडोलता को ठीक करने का ऑपरेशन अमेरिका से पधारे डॉ. जी. ई. घाली, डॉ. रॉस बैकमेन एवं डॉ. अंकित शर्मा द्वारा किया गया जिसमें निश्चेतना डॉ. भरत श्रीवास्तव द्वारा दी गई। आगामी तीन दिनों में पूर्व चयनित लगभग 20 मरीजों का ऑपरेशन जबलपुर हॉस्पिटल में किया जायेगा। हितकारिणी सभा की अध्यक्ष सुनयना पटैरिया, महा मंत्री विश्वमोहन एवं जबलपुर हॉस्पिटल के डायरेक्टर प्रकाश धीरावाणी ने मानवता की सेवा के कार्य के लिए समस्त टीम की सराहना की है एवं हार्दिक बधाई दी है।

## अजीत पवार की अस्थि का आगमन आज



**नवभारत,जबलपुर।** महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री अजीत पवार का विमान हादसे में निधन हो जाने के बाद युवा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव जानवी पांडे द्वारा महाराष्ट्र के बारामती से अस्थि लेकर शुक्रवार सुबह शहर पहुंचेगीं। अस्थि कलश को मप्र राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव राजेश जायसवाल के निवास चंद्रिका टॉवर के सामने शास्त्री ब्रिज में दर्शनार्थ रखा जाएगा। इसके बाद शुक्रवार सुबह 11 बजे शास्त्री ब्रिज से अस्थि कलश यात्रा प्रारंभ होकर ग्वारीघाट स्थित खारीघाट में अस्थि विसर्जन किया जाएगा। पार्टी के राजेश जायसवाल ने सभी से दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की है।

### गतवर्ष की तुलना में 19 प्रतिशत अधिक रहा माल लदान

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक के निरंतर मॉनीटरिंग में पश्चिम मध्य रेल पर ओरजिनेटिंग फ्रेट लोडिंग बढ़ाने के उद्देश्य से समय-समय पर विभिन्न बैठकें आयोजित की जाती हैं। इसी कड़ी में वाणिज्य परिचालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों में ओरजिनेटिंग फ्रेट लोडिंग को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। परिणामस्वरूप पश्चिम मध्य रेल ने चालू वित्तीय वर्ष के जनवरी 2026 माह में 05 .54 मिलियन टन प्रारम्भिक माल लदान किया, जो कि गत वित्तीय वर्ष की इसी माह में 04.64 मिलियन टन प्रारम्भिक माल लदान से 19.21 प्रतिशत अधिक है, तथा रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित मन्थली टारगेट से 05 .46 प्रतिशत अधिक लदान किया है।

सौगात | 2 करोड़ 25 लाख रूपये के विकास कार्यों का किया गया भूमिपूजन

# उत्तर मध्य विधानसभा के 4 वार्डों को मिली सौगात



**नवभारत,जबलपुर।** नगर निगम द्वारा महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के नेतृत्व में शहर भर में बड़े पैमाने पर विकास के कार्य कराये जा रहे हैं। इन्हीं विकास कार्यो की श्रृंखला में गुरूवार को उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के 4 वार्डों में 2 करोड़ 25 लाख रूपये के विकास कार्यों का महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ,विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने कन्याओं से भूमिपूजन कराया । भूमिपूजन के बाद क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ निर्माण कार्य शुरू कराया गया। इन वार्डों में क्रमश: महात्मा गांधी, स्वामी दयानंद सरस्वती, पं. भवानी प्रसाद तिवारी, एवं सुभद्रा कुमारी चौहान वार्ड शामिल हैं। इस लागत से चारों वार्ड में सुन्दर व्यवस्थित डामलीकृत सड़कों, नाला-नालियों के निर्माण कार्यों के साथ वायु गुणवत्ता में व्यापक सुधार लाने सड़क किनारे पेवर ब्लॉक लगाए जाएंगे।

इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा कि शहर के देवतुल्य नागरिकों की सेवा ही हमारा संकल्प है। इन्ही संकल्पों के तहत् शहर में बड़े पैमाने पर विकास के कार्य लगातार कराये जा रहे हैं, जिसके कारण शहर तेजी से महानगर की ओर अग्रसर है। वहीं भूमिपूजन के मौके पर विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने बताया कि नगर निगम द्वारा शहर में कराये जा रहे विकास कार्य जनोपयोगी एवं सराहनीय है।

### इन क्षेत्रों में शुरू हुआ विकास का नया अध्याय

उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के कमला नेहरू नगर वार्ड के अंतर्गत यादव कॉलोनी स्नेह नगर उद्योग से आर.पी. ज्वेलर्स तक कवर्ड नाली निर्माण, महात्मा गांधी वार्ड में नारियल गली के सामने वाला नाला भवानी चूना स्टोर से बल्देवबाग की ओर दोनो साइड नाला एवं पुलियों, स्वामी दयानंद सरस्वती वार्ड अंतर्गत नवीन विद्या भवन से मुकेश कुशवाहा के घर तक पेवर ब्लाक लगाने, पं. भवानी प्रसाद तिवारी वार्ड मोहम्मदी गेट से करमचंद चौक एवं करमचंद चौक से तुलाराम चौक तक पेवर ब्लॉक लगाने, गोल बाजार क्षेत्र में स्थित नेशनल अस्पताल से दत्त मंदिर तक सड़क निर्माण एवं नाली निर्माण, गुजराती मंडल के पास नाली निर्माण एवं अन्य आवश्यक कार्य, हरिओम कॉम्पलेक्स कृष्णा अपार्टमेंट के पास नाली निर्माण कवर करना चेम्ब्र लगाना एवं अन्य आवश्यक कार्य के पास नाली निर्माण एवं अन्य, एवं सुभद्रा कुमार चौहान वार्ड अंतर्गत राम एकेडमी से चमन अपार्टमेंट तक पेवर ब्लॉक आदि कार्य किये जायेगें। भूमिपूजन के अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, एम.आइ.सी. सदस्य राम सोनकर, डॉ. सुभाष तिवारी, रजनी कैलाश साहू, अंशुल राघवेन्द्र यादव, पार्षद लवलीन आनंद, अयोध्या तिवारी, हर्षित यादव, रंजीत पटेल, योगेश बिलोहा, नितिन पांण्डे, पिंटू पटेल, रंजीत ठाकुर, अनूप शुक्ला, मुकेश कुशवाहा, लुक्का रजक, मोन्टू रैकवार, निक्की गुप्ता, नीलेश विश्वकर्मा, अमर पटेल सहित अन्य स्थानीयजन मौजूद रहे।